हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 126 आवेदकों की समस्याएं

मण्डला। जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 126 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें और मांगें अधिकारियों के सामने रखीं। कलेक्टर श्री धोटे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए आवेदकों को समय पर राहत उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम मंडला श्री शैलेंद्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन, श्री राजेश कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

मण्डला। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नामदेव धोटे ने मंगलवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला में स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुशवाहा, सीके तिवारी उपस्थित रहे।

पोषण सेवाओं की समीक्षा कर शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश

मण्डला। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विनोद परस्ते ने विभागीय अमले की वर्चुअल बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं पोषण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने आँगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं को दी जा रही पोषण सेवाओं की जानकारी लेते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री परस्ते ने पोषण ट्रैकर में टेक होम राशन एवं गर्म ताजा पका भोजन से लाभान्वित बच्चों और महिलाओं की शत-प्रतिशत एंट्री समय-सीमा में सुनिश्चित करने तथा पोषण आहार वितरण की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

मुआवजे, नौकरी और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

मृतक के परिजनों ने किया प्रदर्शन





* लाइनमैन को किया गया निलंबित, जेई पर जांच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/मवई

मंडला जिले के मवई विकासखंड के ग्राम रहंगी में ट्रांसफॉर्मर लगाते समय 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आने से आउटसोर्स कर्मचारी डेनी धुर्वे की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया। रविवार को हुए हादसे के बाद परिजनों ने पूरी रात शव रखकर प्रदर्शन किया। सोमवार को परिजन और ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने धरने पर बैठ गए। उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। इस संबंध में मवई थाने में आवेदन भी दिया गया।

एक करोड़ मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग

परिजनों ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी और घटना की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की। मांगें पूरी होने तक परिजनों ने पोस्टमार्टम की अनुमति नहीं दी।

विधायक ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने, उचित मुआवजा देने और मृतक के एक आश्रित को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। जिले से बाहर होने के कारण उन्होंने बिजली विभाग और पुलिस अधिकारियों से फोन पर चर्चा की।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी अधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

लाइनमैन निलंबित, जेई के खिलाफ जांच

बिजली विभाग के बिछिया कार्यपालन यंत्री मयंक चौरसिया ने बताया कि स्थानीय लाइनमैन नंद किशोर भौतिक को निलंबित कर दिया गया है। मवई के जूनियर इंजीनियर राजकुमार कुशवाहा के खिलाफ विभागीय जांच प्रस्तावित है। परिवार को तत्काल सहायता के रूप में 10 हजार रुपए दिए गए हैं। मुआवजे की प्रक्रिया भी की जाएगी।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संतोष रानू हरदहा ने बताया कि मौके पर पहुंचे कार्यपालन यंत्री और मवई तहसीलदार ने परिवार के एक सदस्य को आउटसोर्स के माध्यम से नौकरी देने, मामले में कार्रवाई करने और उचित मुआवजा दिलाने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। प्रदर्शन में सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और मृतक के परिजन शामिल रहे।



सीबीएसई स्किल एक्सपो 2026 में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के विद्यार्थियों का चयन, बढ़ाया मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार अभिनव प्रोजेक्ट का चयन सीबीएसई स्किल एक्सपो एंड करियर गाइडेंस फेस्टिवल 2026 के राज्य स्तरीय आयोजन के लिए किया गया। यह आयोजन जबलपुर के सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल, पोलीपाथर में संपन्न हुआ।

विद्यार्थियों का प्रोजेक्ट "ऑनलाइन साइंस लैब – भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के वास्तविक प्रयोगों के साथ" विज्ञान शिक्षा को अधिक रोचक एवं व्यावहारिक बनाने की एक अभिनव पहल है। इस प्रोजेक्ट को वंश अग्रवाल, कुशाग्र पाठक और आदर्श सोनी ने तैयार और प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का परिचय दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित करियर गाइडेंस फेस्टिवल में भी विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा विशेषज्ञों से विभिन्न करियर विकल्पों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय के निदेशक निशांत शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. दिव्या शुक्ला ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव, नवाचार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन एवं संचालन में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के वरिष्ठ शिक्षक रौनक ज्योतिषी और नित्या चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की।

दीपावली के मद्देनजर पटाखा भंडारण गोदामों का निरीक्षण

मण्डला। दीपावली पर्व के मद्देनजर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला श्री शैलेंद्र चौधरी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला श्री पीयूष मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से स्थायी पटाखा अनुज्ञप्तिधारियों के भंडारण गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञप्तिधारियों को निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप पटाखों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, भंडारण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा सत्यनिष्ठा से समृद्धि का संदेश लेकर निकली वाहन रैली

* भ्रष्टाचार मुक्त भारत का दिया संदेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के तहत मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला द्वारा जिले की विभिन्न शाखाओं में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस वर्ष 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रखी गई है। अभियान के तहत बैंक कर्मचारियों द्वारा लोगों को ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का संदेश दिया जा रहा है। अभियान के पहले दिन 26 अक्टूबर को क्षेत्रीय कार्यालय एवं सभी शाखाओं में बैंक के स्टाफ और ग्राहकों ने सत्यनिष्ठा एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध शपथ ली। इसके बाद दिनांक 27 अक्टूबर दिन मंगलवार को मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय मंडला, शाखा बिन्झिया, महाराजपुर, मंडला में पदस्थ स्टाफ सदस्यों द्वारा मंडला नगर में वाहन रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों एवं बैंक ग्राहकों को भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने और अपने कार्यों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता अपनाने के लिए जागरूक किया गया।रैली में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश प्रसाद सिंह परस्ते, शाखा बिंझिया के शाखा प्रबंधक श्री नवीन मेश्राम, शाखा महाराजपुर की शाखा प्रबंधक श्रीमती रितु राय, शाखा मंडला के शाखा प्रबंधक श्री विकाश कुमार सिंगोर सहित बैंक के अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश प्रसाद सिंह परस्ते ने बताया कि बैंक की ओर से पूरे सप्ताह सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वाहन रैली के जरिए नगर के लोगों और ग्राहकों को 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री परस्ते ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आगामी दिनों में क्षेत्रीय कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सतर्कता जागरूकता पर वीडियो क्लिप तैयार करना, कार्यालय एवं शाखाओं में रंगोली प्रतियोगिता, ग्राम सभाओं का आयोजन, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम तथा क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

आयकर चोरी की बात सामने आने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मंडला जिले के महराजपुर में टिम्बर कारोबार से जुड़े निरंजन लाल अग्रवाल और विकास गोहिल के प्रतिष्ठानों पर मंगलवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने जांच शुरू की। जबलपुर से पहुंची टीम कारोबार से संबंधित दस्तावेजों और रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार, आयकर चोरी की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई किए जाने की बात सामने आई है। टीम सुबह से ही उनके प्रतिष्ठानों पर जाकर जांच कर रही है।

फिलहाल आयकर विभाग की ओर से कार्रवाई को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं और आगे क्या कार्रवाई होगी, इसकी जानकारी विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

साहित्य समागम | शीर्ष हस्तियों ने की शिरकत साहित्य और संगीत का दिखा अनूठा संगम।

'अनाम पथ का पथिक' का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





लोग सारी जिंदगी पैसा एवं भौतिक संसाधन जुटाने में लगा देते हैं और जब संपत्ति आती है तो न खर्च करने लायक बचते हैं और न ही खर्च करने की इच्छा ही शेष रह जाती है और तब विचार आता है कि इन सबको कमाने में हम क्या-क्या खोते चले आ रहे हैं लेकिन सभी ऐसे नहीं होते कुछ ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व भी होते हैं जो समय रहते ही इन भौतिक संसाधनों को, पद प्रतिष्ठा को ठुकराकर सच्चे सुख की तलाश में निकल पड़ते हैं और ऐसे ही विलक्षण व्यक्तित्व को हम विभूति मानकर उनका सम्मान करते हैं। ऐसे ही नाम को चरितार्थ करने वाले विभूति झा जी जिन्हें कोई विभू दादा कहता है तो कोई उन्हें बाबा के नाम से जानता है। उनकी अपनी एक किताब अनाम पथ का पथिक का कल विमोचन हुआ और इस दौरान कुछ बाते मंच से कही गई उपस्थित लोगों के मन-मस्तिष्क को इन बातों ने झकझोर कर रख दिया कि आज के समय में भी ऐसे महापुरूष हैं और हमारे आसपास ही हैं लेकिन हम और हमारा समाज इन्हें पहचानता नहीं मुझे भी कल इस समारोह में उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और काफी अरसे के बाद मैनें उस कहावत को चरितार्थ होते देखा जो बचपन से सुनाई गई है कि अधभरी गगरी छलकत जाये यानि कम ज्ञान वाले लोग न केवल ज्यादा बातें करते हैं बल्कि अपनी बात को ही सच के रूप में स्थापित करने पर तुले रहते हैं लेकिन आज विभू दादा के रूप में हमें वह भरी गागर नजर आई जो इतने संयमित और शांत भाव से इस बात को कह गये कि सब कुछ छोड़कर एक समय मैं अनजाने पथ पर निकल गया।

चर्चित वकील रहे सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक विभूति झा की नई पुस्तक अनाम पथ का पथिक का विमोचन नर्मदा तट महिष्मति घाट मे किया गया। विमोचन कार्यक्रम में पद्मश्री महेश शर्मा, लेखक व चिंतक चिन्मय मिश्र, लेखक सहसंपादक गौरीनाथ बिहार, लेखक प्रकाशक गौरीना, प्रख्यात सर्जक देवीलाल पाटीदार, गर्जन सिंह वरकड़े, पत्रकार पंकज शुक्ला एवं पत्रकार पूजा सिंह, मुख्य अतिथि के तौर पर मंचासीन रहे वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। यहां साहित्य और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रद्धेय विजयदत्त श्यामादेवी झा मेमोरियल ट्रस्ट भंवरताल के आयोजन में लेखक विभूति झा की पुस्तक अनाम पथ का पथिक का विमोचन हुआ। अनाम पथ का पथिक पुस्तक एक नामी वकील की गुमनामी की ओर यात्रा को केंद्र में रखती है। पुस्तक के शीर्षक और विषयवस्तु ने साहित्यप्रेमियों के बीच आत्मचिंतन जीवन की दिशा और पहचान जैसे विषयों पर विचार करने का अवसर प्रस्तुत किया। नर्मदा तट की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में आयोजित इस साहित्यिक कार्यक्रम ने पुस्तक और उसके विचारों को एक विशेष परिवेश प्रदान किया। पुस्तक विमोचन के बाद भोपाल से आई प्रख्यात गायन मंडली विरासत ने कबीर गायन प्रस्तुत किया। राजीव सिंह और उनके साथियों ने कबीर के पदों और वाणी के माध्यम से जीवन की सच्चाई आत्मबोध मानवीय मूल्यों तथा आडंबर से दूर रहकर सार्थक जीवन जीने का संदेश दिया। मंडली की गायन शैली और प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं को आध्यात्मिक अनुभूति से जोड़ दिया। कार्यक्रम के माध्यम से साहित्यिक अभिव्यक्ति और भारतीय संत परंपरा के विचारों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया। पुस्तक विमोचन ने जहां पाठकों को नई साहित्यिक कृति से परिचित कराया वहीं कबीर गायन ने संत साहित्य की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। पुस्तक के लेखक विभूति झा ने बताया कि अनाम पथ के पथिक एक आत्मकथात्मक कृति है जो उनके जीवन की उस यात्रा से परिचित कराती है जिसमें उन्होंने अपने स्थापित और लोकप्रिय जीवन को पीछे छोडक़र एक अनाम राह पर चलने का निर्णय लिया।

4 नवंबर को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव का रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 4 नवंबर 2026 को इंडोर स्टेडियम मंडला में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नगरपालिका अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले इस उत्सव का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा। युवा उत्सव में जिले के युवा पांच विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस वर्ष युवा उत्सव का आयोजन सांस्कृतिक ट्रैक के अंतर्गत 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' थीम पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कविता लेखन, चित्रकला, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं नुक्कड़ नाटक विधाओं को शामिल किया गया है। इन विधाओं के माध्यम से युवाओं को अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत एवं कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

पाँच विधाओं में होंगे आयोजन

कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में कविता लिख सकेंगे। इसके लिए 90 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रहेगा। इसमें प्रतिभागियों को ए-4 आकार के पेपर पर पेंसिल, एक्रेलिक, वाटर एवं क्रेयॉन रंगों का उपयोग करने की स्वतंत्रता होगी। दोनों विधाओं में प्रदर्शन के आधार पर 100 अंकों में से मूल्यांकन किया जाएगा।

समूह लोकगीत एवं समूह लोकनृत्य में अधिकतम 8 मिनट की प्रस्तुति देनी होगी। इन विधाओं में लाइव गीत एवं संगीत के साथ प्रस्तुति अनिवार्य होगी तथा रिकॉर्डेड संगीत का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी निर्धारित थीम पर होगी, जिसके लिए अधिकतम 7 मिनट का समय एवं 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन अनुभवी निर्णायकों द्वारा किया जाएगा।

संभाग से राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा दिखाने का अवसर

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागी 26 से 29 नवंबर 2026 तक जबलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय युवा उत्सव में मंडला जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव की तिथियों की जानकारी पृथक से दी जाएगी। वहीं, 12 जनवरी 2027 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा उत्सव आयोजित होना है। चयनित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सकता है।

युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु सीमा 17 अगस्त 2026 की स्थिति में 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। समूह लोकगीत एवं समूह लोकनृत्य के लिए 7 युवा कलाकारों तथा 3 संगत कलाकारों सहित कुल 10 सदस्यों का प्रावधान बताया गया है। इन विधाओं के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे द्वारा युवा उत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। समिति में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र, संस्कृति विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग को शामिल किया गया है।

खबर संक्षेप

घट रही दुधारू पशुओं की संख्या

कल्याणपुर। अगर इसी रप्तार से दुधारू पशुओं की संख्या घटती रही तो निश्चत ही आने वाले दिनों मे नौमिहालो को दुध के लाले पड सकते है। वह दिन दूर नही जब दूध के दाम आसमान छुने से नही चुकेगें और नगरिक दूध के लिए यहां वहां भटकने मजबूर होगे। किसानो मे दुधारू पशु पालने के प्रति मोहभंग हो जाने से पशुओं की संख्या घटती जा रही है वही सरकार भी इससे अनजान बनी हुई है, जिससे अब किसान भी दूध का उत्पादन करने के बजाय अन्य व्यसाय पर ज्यादा जोर देने लगे है,पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त आंकडो के अनुसार निरंतर पशुओं की संख्या घटती जा रही है और आज स्थिति यह हो गई है कि लोग दुधारू पशु पालने से ही तौबा करने लगे है ,जानकारो का कहना है कि दुधारू पशुओं की निरंतर घटती संख्या एवं पशु पालकों का मोहभंग होने के पीछे पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न मिलना चारे के दाम आसमान छूना, गौहत्या चरम पर होना, शासकीय योजनाओं का पालकों को लाभ न मिलना है जिससे अब लोग पशु पालने से कतराने लगे है।

तालाब के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि लगातार चढ़ रही अतिक्रमण की भेंट

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब लोगों को कही शासकीय खाली पड़ी हुई भूमि नजर आती है तो वह उस पर अपनी छोटी छोटी टपरिया बनाते हुए उस पर कब्जा करना शुरू कर देते है, मगर प्रशासन द्वारा इस प्रकार से शुरूआती तौर के कब्जे को नजर अदांज किये जाने का परिणाम यह होता है कि जहां शासकीय भूमि गायब हो जाती है और जब उस अतिक्रमण को हटाने का प्रयास किया जाता है तो फिर काफी समय बीत चुका होता है जिसके चलते अतिक्रमणकारियों का बचाव करने के लिए अनेक प्रभावशाली लोग खड़े हुये नजर आने लगते है इस स्थिति में प्रशासन शासकीय भूमियों को खाली कराने में अपने हाथ डालने में असफल होने लगता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के कालेज के समीप वायपास मार्ग तालाब के किनारे खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लगातार अतिक्रमण होते हुये देखा जा रहा है, मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी रातो रात इस भूमि को अपने कब्जे में लेते हुए वहां पर अपनी दुकाने खड़ी करने से नही चूक रहे है, इस प्रकार से अतिक्रमण की भेंट चड़ रही इस भूमि के चलते जहां तालाब की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है साथ ही साथ यातायात में भी लोगों को परेशानियों का सामना करते हुए देखा जा रहा है, यदि प्रशासन द्वारा समय रहते हुये इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही यह भूमि चंद दिनों में परेशानी का कारण बनने से नही चूक पायेगी..?

नगर में दौड़ रहे बगैर नम्बर प्लेट के वाहनों को नजर अंदाज करना पड़ सकता है भारी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर सड़को पर खुलेआम बिना नंबर प्लेट की गाड़ी दो पहिया वाहनों में तीने सवारी, छोटे छोटे बच्चों का सरपट वाहनों को दौड़ने के साथ साथ वाहनो में कान फोडू व ककर्स हार्न लगाने का क्रम जारी है, इन दिनों नगर में चलने वाले लगभग 40 प्रतिशत टू व्हीलर वाहन व 40 प्रतिशत चौपाहिया वाहन शामिल है, जो प्रतिदिन नगर के मुख्य चौराहों से बेखौफ होकर गुजरते बगैर नबंर के वाहन दिखाई देतें है फिर भी पुलिस इन पर ना तो कोई कार्यवाही कर पा रही है ना उनको पकड़ने में कोई अंकुश अभी तक लगा पाई है, जिसके चलते नगर में इन दिनों नाबालिग बच्चों को गाड़ियां चलाने का जुनून सा दिख रहा है।

मनमानी की अनदेखी आमजन के लिये पड़ रही भारी, हौसले हो रहे बुलंद, मोटर साईकिल को ट्रेक्टर ट्राली की भांति की जा रही लोडिंग...

बाहर से व्यापार करने आये हुये बाइकर्स खुलेआम उड़ाते रहे यातायात नियमों की धज्जियाँ







हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। सबसे शांति प्रिय माने जाने वाले इस नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो मनमानी करने वालों को खिलाफ पहले जिस तरह तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा की टीम द्वारा अपना डंडा घुमना शुरू किया गया था तो काफी समय तक अंकुश लगा हुआ दिखाई देने लगा था। मगर हाल में ही में धार्मिक कार्यक्रम कहे जावे या फिर अन्य दूसरे कारणों के चलते पुलिस के व्यस्त रहने का परिणाम के चलते शहर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लगने से नही चूक रहा है?

क्योंकि बीते हुये कुछ दिनों से नगर व क्षेत्र की कानून व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है। जिसका परिणाम है कि नगर की सड़कों पर महिलाओं व किशोरियों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होते हुए दिखाई देने लगा है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के अनेक स्थल इस प्रकार के दिखाई पड़ रहे जो आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के लिए प्रमुख केन्द्र बन चुके है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय नगर की पानी टंकी व शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र संपूर्ण नगर में चर्चा का विषय बन चुका है। जहां पर आये दिन झगड़ा होना आम बात हो चुकी है तो दूसरी ओर बडे महानगरों की तर्ज पर गैगबार जैसे दृश्य दिखाई देने लगे है..? क्योंकि रात को 11 बजे पुलिस द्वारा शहर में पान सहित अन्य दुकानों को बंद करा दिया जाता है। मगर कालोनियों से लेकर गली कुचों की दुकान देर रात खुली रहने के चलते मुख्य मार्गो जैसे दृश्य अब कालोनियों के अंदर दिखाई देना शुरू हो चुका है और आवार गर्दी करने वालों के हुजूम कालोनियों दिखाई देना शुरू हो चुका है...? नगर के प्रमुख माने जाने वाले मार्गो पर जहां दिन भर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है उसके चलते आने जाने वाली महिलाओं सहित आमजनों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है। यह बात जरूरी है कि पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार खिलाफ मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है वह निश्चित ही सराहनीय है। मगर मनचलों से लेकर बाइकर्सो के बढ़ते हुये हौसले चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। वही दूसरी यदि शाम होते ही नगर की सड़को की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वाइकर्सो का आंतक इस तरह छाते हुये देखा जाता है कि महिलाओं सहित सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होने लगता है...? नगर की सड़को पर बाईकर्सो का आतंक छाता है उसके चलते लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घरों के अंदर सोना भी मुश्किल होने लगा है। क्योंकि मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो अपने परिजनों के साथ रात के समय कही आ जा रही होती है। इन बाईकर्सो द्वारा अपनी गाडियों को जिस गति से दौडाया जाता है उसके चलते पैदल चलने वाले राहगीरों की जान खतरे से खाली नही रह पा रही है तो दूसरी ओर नगर की सड़को पर आवारा गर्दी और अराजकता का माहौल बीते हुये कुछ दिनों से दिन प्रतिदिन बढ़ता ही चला जा रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक युवाओं की गाडियाँ तो इस प्रकार से होती है कि वह बिना नंबर की वाईकों पर सवार होकर नशे की हालत दौडाते हुए देखे जाते है। रही सही कसर बाहर से व्यापार करने के लिये आये हुये लोगों द्वारा जिस तरह से यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये देखे जा रहे है। इनकी सच्चाई को देखकर लोग हैरत में पढ़ने से नही चूक पा रहे है। हाल यह बना हुआ है कि व्यापार के नाम पर शहर के आसपास डेरा जमाकर बाहरी लोग बगैर नम्बरों की गाड़ियों से शहर में खुलेआम भ्रमण करते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर अपने व्यापार के लिये उपयोग में आने वाली इन मोटर साईकिलों को इन लोगों द्वारा जिस तरह ट्रेक्टर ट्राली के भांति लोडिंग करते हुसे सड़को पर दौड़ाते हुये देखा जाता है वह खुलेआम नियमों के विपरित होने के बाद भी इनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही होने से इनके हौसले पूर्ण बुलंदियों पर नजर आने से नही चूक रहे है...? कुछ इसी प्रकार का हाल चार पाहिया वाहनों का भी देखने मिल रहा है जिनमें अनेक युवा खुलेआम नगर के अंदर लोगों के घरों के सामने अपनी चार पाहियाँ गाडियों को खडा करते हुए उसमें लगे हुए डेक को तेज आबाज में अश्लील गाना चलाते हुए मदिरा पान करना अपना शौंक समझने लगे है..? रही सही कसर नये फेसन बुलट गाड़ियों में लगे तेज आवाज वाले साईलेशर पूरी करते हुये देखे जा रहे है। यह बुलट गाड़िया देर रात तक शहर की सड़को पर जिस तरह फटाखा फोड़ने वाली आवाज के साथ भ्रमण करते हुये देखी जाती है उसके चलते लोगों की रात को नींद लेना मुश्किल कर दिया गया है। इस तरह नगर में मनमानी करने वालों के खिलाफ कोई अपत्ति लेने का प्रयास करता है तो यह आवारा गर्दी करने वाले उनके साथ मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देने की स्थिति निर्मित करने से भी नही चूकते है। कुछ माह पूर्व में इस तरह मनमानी करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा उठाये गये सख्त कदम के चलते काफी राहत महसूस की जाने लगी थी। नगर के लोगों द्वारा पुनः इसी प्रकार से सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही है। रात के समय सड़को पर आतंक मचाने वाले इन युवाओं की गाडियों में लगे हुए अनेक प्रकार के तेज आवाज वाले हार्न शांति भंग करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है।

सेमी फाईनल मुकाबलों में रीवा ने नर्मदापुरम तो जबलपुर ने सागर को पराजित करते हुये फाईनल में बनाई जगह

आज फाईनल के साथ आयोजन का होगा समापन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शिक्षा के साथ साथ बच्चों को खेलों के प्रति उत्साहित करने की सोच के चलते शिक्षा विभाग द्वारा हर वर्ष खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन कराते हुये देखा जाता है। इसी के चलते प्रदेश के स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से नगर के पुराने कॉलेज मैदान सहित अन्य 3 मैदानो पर खेली जा रही 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन निश्चित तौर से नगर के लिये गौरव का विषय है। क्योंकि बीते हुये तीन सालों से लगातार अलग अलग खेलों के आयोजन होने के चलते जहां क्षेत्र के बच्चों में खेलों के प्रति जागरूकता देखने मिल रही है तो दूसरी ओर इस वर्ष अक्टूम्बर माह में राज्य स्तरीय तो आने वाले माह में राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर नगर सहित क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह देखने मिल रहा है। इस तरह नगर में आयोजित 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बीते हुये 23 अक्टूबर को शुरू हुआ था जिसमें अलग अलग संभागों से दस टीमों ने भाग लिया। वही नगर सहित क्षेत्र के अन्य खेल मैदानों पर हुये मुकाबलों के बीच हार जीत होने के बाद फाईनल के लिये रीवा व जबलपुर संभाग की टीमों जगह बनाने में सफल हुई जिनका आज नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर फाईनल मुकाबला होने के साथ ही आयोजना का समापन होगा। बीते हुये मंगलवार को खेले गये सेमीफाईनल मुकाबलों में पहला सेमीफाइनल मैच रीवा और नर्मदापुरम संभाग की टीमों के मध्य



हुआ जिसमे रीवा संभाग की टीम ने 9 विकेट से जीत दर्ज करते हुये फाईनल के लिये जगह बनाई गई। वही बताया जाता है कि इस मैच में नर्मदापुरम टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरो में अपने 7 विकेट खोकर 117 रन बनाये जिसमे अभिषेक यादव ने 43 रनो की पारी खेली एवं रीवा की तरफ से नीरज सिंह ने 4 ओवरो में 30 रन देकर 2 विकेट लिए। वही दूसरी ओर जवाबी पारी खेलने उतरी रीवा संभाग की टीम ने प्लेयर ऑफ दा मैच संस्कार सिंह की 57 रनो की शानदार पारी की बदौलत 16 वे ओवर में ही सिर्फ 1 विकेट खोकर मैच जीतकर फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली। वही प्रतियोगिता का दूसरा सेमी फाइनल मैच जबलपुर व सागर संभाग की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें जबलपुर संभाग ने सागर संभाग की टीम को 21 रनो से पराजित करते हुये फाईनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर जबलपुर संभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरो में 8 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए। जबलपुर की ओर से प्लेयर ऑफ दा मैच सुवीर अरोरा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर 60 रन बनाए, जबकि तनीष्क ने 38 गेंदों पर 48 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के योगदान से जबलपुर की टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही।वहीं सागर की ओर से आर्यन ने 4 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट हासिल लिए। जवाब में सागर संभाग की टीम जब मैदान पर उतरी तो 19 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 136 रन बना पाई और यह मैच हार गई। इस तरह आज सुबह 8:30 बजे से इस आयोजन का फाईनल मुकाबला रीवा व जबलपुर संभाग की टीमों के बीच खेला जावेगा। वही तीसरे स्थान प्राप्त करने के लिये सागर तथा नर्मदापुरम टीमों के बीच होगी भिंडत। इस तरह लगातार एक सप्ताह तक चले इस आयोजन को दोपहर के समय पुरूस्कार वितरण के साथ समापन होगा। इसके बाद आने वाले नम्बर माह की 11 तारीख से नगर के पुराने कालेज मैदान पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियों में शिक्षा विभाग के अधिकारी जुटे हुये नजर आवेगे।

रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों का बोलबाला होने से असुरक्षित महसूस कर रहे रेल यात्री

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आये दिन जिस प्रकार से रेल पुलिस द्वारा चोरों व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहरी आरोपियों को पकड़ते हुए जिस प्रकार से अखबरों की सुर्खियों में छाने का प्रयास किया जाता है। मगर रेल पुलिस की इस सफलता पर प्रश्न चिन्ह उस समय देखने से नही बच पाता है जब नगर की रेल्वे स्टेशन पर फैली हुई अव्यवस्थाओं के बीच रेल यात्रियों को दहशत में देखा जाता है। ज्ञात हो कि यहां के रेल्वे स्टेशन से शहर सहित दो से अधिक विकास खंडों के दायरे में आने वाले लगभग 200 गांवों से से लेकर दूसरे यानि की रायसेन जिले के यात्री भी यही से रेल यात्रा करने के लिए पहुंचते है। इस प्रकार से सैंकड़ों यात्री प्रतिदिन अपने कारोबार के सिलसिले में जबलपुर सहित अन्य स्थानों में अपडाऊन करते हैं। बावजूद इसके रेल यात्रियों को स्टेशन पर बहुत कम सुविधाएँ मिलते हुए देखी जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इन रेल यात्रियों की सुरक्षा पूर्णरूप से भगवान भरोसे ही चल रही है। क्योंकि रेल्वे पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से ध्यान न देने की स्थिति में नगर के रेल्वे स्टेशन की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि रात के समय प्लेट फार्म पर खुलेआम आसामाजिक तत्वों को भ्रमण करते हुए देखा जाता है जो आये दिन रात के समय प्लेट फार्म पर बैठी हुई या फिर ट्रेनों का इंतजार करने वाले मुसाफिर खाने में सो रही महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी नही चूकते है। वही कभी कभी तो स्थिति इस प्रककार से



भी देखी जाती है कि चंद मिनिटों के अंदर रेल यात्रियों का समान पार होने से भी नही चूकता है। इस प्रकार से रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने के कारण रेल यात्री लगातार दहशत में दिखाई दे रहे है। वही बताया जाता है कि अप और डाऊन प्लेटफार्मों की बाउन्ड्री बाल टूटने से स्टेशन पर असामाजिक तत्वों की कारगुजारियाँ के चलते रात के समय महिलाओं का यहां पर रूक पाना मुश्किल जान पड़ रहा है वे अपने आप को असुरक्षा का भी अहसास करते हुए देखी जा रही है। यदि रेल पुलिस की बात की जावे तो कभी काल ही यहां पर आन डियूटी पुलिस कर्मी नजर आते है? यह बात जरूर है कि रेल पुलिस कर्मी आन डियूटी के प्लेट लगाकर स्टेशन की जगह शहर की गलियों में जरूर नजर आते है, जिसके चलते रेल डियूटी चार्ट में तो रेलवे स्टेशन की सुरक्षा दिखाई देती है मगर हकीकत कुछ और ही बनी हुई है।

अज्ञात चोरों ने सोने चांदी की दुकान में किया चोरी का प्रयास



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर में बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि बाहरी चेहरों में इजाफा होते चला जा रहा है। नगर के आसपास डले हुये डेरों में यह लोग कहा से आये है और क्या क्या काम करते हुये इसकी शायद खोज खबर लेने की जरूरत मेहसूस नही किये जाने का परिणाम है कि इस तरह के लोग शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गली मुहल्लो सहित कालोनियों में खुलेआम भ्रमण करते हुये देखे जाने का परिणाम है कि अब नगर में चोरी जैसी घटनाओं की संभावना पैदा होने से नही चूक रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार की रात नगर के मन्नत काम्पलेक्स में देखने मिली जब अज्ञात चोरों द्वारा एक सोने चांदी की दुकान में चोरी करने का प्रयास किया गया। यह बात अलग है कि अज्ञात आरोपी अपनी इच्छा पूर्ति करने में असफल रहे। मगर इस तरह की घटनायें घटित होने की शुरूआत के चलते निश्चित तौर से नगरवासियों में दहशत सहित चिंता देखने मिल रही है। इस तरह असफल चोरी की घटना पर सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये संदिग्धों की खोजबीन की जा रही है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह नगर के अंदर अज्ञात लोग जिस में महिलाये भी शामिल है इन्हे तरह भ्रमण करते हुये देखे जाने के साथ साथ नगर के रेल्वे स्टेशन से लेकर ओबर ब्रिज सहित कौडिया मार्ग पर अनेक जगहों पर बाहरी लोगों के जिस तरह डेरे जमे होने के बाद भी इनकी खोज खबर न लेना प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण उजागर होने से नही चूक रहा है।

झिकोली घाट पर मनचलों की हरकतों का शिकार होते रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। क्षेत्रवासियों के लिये आस्ता का केन्द्र रहने वाली माँ नर्मदा जी के भक्त जिस प्रकार से हर माह पड़ने वाली पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर स्नान व पूजन करने के लिये पहुंचते। इसी प्रकार से हर माह के पूर्णिमा के अवसर पर समीस्थ झिकोली नर्मदा तट पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है, जिसके चलते अनेक भक्त झिकोली नर्मदा पर बने हुये पुल के नीचे स्नान करते हुये पूजन करते हुये देखे जाते है। मगर यहां पर पुलिस विभाग की उदासीनता के चलते देखा जाता है कि नर्मदा स्नान करने वाली महिलाओं को पुल पर खड़े होकर मटर गस्ती करने वालों की हरकतों का शिकार होने के लिये मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शरद पूर्णिमा के अवसर भी देखने मिला जहां नर्मदा तट पर उमडी



भीड के चलते नर्मदा भक्त यहां के पुल के नीचे ही स्नान करने के साथ साथ पूजन हवन करने में लगे हुये थे। उसी दौरान अनेक मनचले युवा पुल के ठीक ऊपर खड़े होकर जिस प्रकार से अशोभनीय हरकते करते हुये देखे गये उसके चलते आमजनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रहा थी? बताया जाता है कि इन मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो नर्मदा स्नान करने के उपरांत यहां पर बने हुये कपड़ा बदलने के घरों के अंदर पहुंचकर अपने कपड़ा बदल रही होती है। क्योंकि यहां पर स्थापित कपड़ा बदलने के लिये बनाये गये स्थान ऊपर भाग से खुले रहते है जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े होने वालों द्वारा जब नीचे की ओर देखा जाता है तो कपड़ा बदल रही महिलाओ को अपने कपड़े बदलने में परेशान होना पड़ता है। मगर इस प्रकार से मनचलों की हरकतों पर पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण यह लोग कई घंटो तक पुल के ऊपर खड़े रहते हुये इस प्रकार की अशोभनीय हरकते करते हुये महिलाओं को परेशान करने से नही चूकते है।

शहर के वीरान इलाकों से लेकर ढ़ाबों में देर रात तक खुलेआम जाम छलकते हुये पड़ रहे दिखाई

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां पूर्व के समय में लोग शराब पीने के लिए ऐसी जगह खोजते थें जहां पर किसी की नजर न पड़े। मगर इस समय तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों द्वारा जहां तहां बैठकर शराब का सेवन करते हुए नशे की हालत में सड़कों पर घूमते हुए आसानी से देख जा राकता है.. ?

इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो वर्तमान में अनुमानतः शहर के 60 प्रतिशत युवाओं और किशोरो में शराब पीने का शौक ऐसा लगा है कि वे रात को बिना जाम छलकाये रह ही नही पा रहे है, जिसके चलते वे शहर में एक भी वीयरवार न होने और अधिकांश शहर में बने हुये ढावों में शराब के जाम छलकाने के लिए उपयुक्त जगहों पर जाना पड़ता है और खुलेआम नगर के पास पास बने हुये ढ़ावों में देर रात तक शराब खोरी होते हुये दिखाई दे रही है...? बताया जाता है कि इन दिनों शराब के शौकिनों द्वारा नगर के वायपास मार्ग पर स्थित ढाबों में जहां खुलेआम शराब की विक्री होने के साथ साथ यहां पर देर रात तक शराब पीने वालों की महफिले सजी हुई देखी जा रही है...? इतना नही नही हालत यह बन चुकी है कि शहर से चंद कदम दूरी पर संचालित होने वाले इन ढाबो में अवैध रूप से बिकने वाली शराब व देर रात के होने वाली शराब खोरी के चलते जहां क्षेत्र के गांवों के लोगों का शहर आना मुश्किल होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर रात के समय ट्रेनों से उतरकर अपने गांव जाने वाले लोग भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक रहे है..? क्षेत्रवासियों द्वारा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा शहर के आसपास संचालित होने वाले ढाबो पर चलने वाले शराब के अवैध कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने की माग की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती, अटल ज्योति योजना पर खड़े हो रही सवाल?

हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा। जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को 24 घंटे बिजली उलब्ध कराने हेतु बड़ी ही जोर शोर से अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया गया था। मगर इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन लगातार कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती के चलते जहां लोग परेशन होते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर सरकार की अटल ज्योति योजना पर लोगों द्वारा सबाल खड़े करते हुए इसे अटक ज्योति योजना का नाम दिये जाने लगा है? इस संबंध में बताया जाता है कि सांईखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती के चलते जहां आम लोग परेशान हो रहे है। वही दूसरी ओर इस समय पड़ रही गर्मी के बीच मच्छरों के भरमार के दौरान लोगों की नींद हराम होती चली जा रही है। वही लोगों का कहना है कि यदि बिजली कटौती का यही आलम बना रहा तो लोगों का जीना मुश्किल हो जावेगा..? जानकरी के अनुसार दिन और रात में की जा रही बिजली कटौती के कारण बच्चों बुर्जुगों के साथ महिलाओं की नीद उड़ गई है। क्योंकि इस समय चल रहे मौसम के मिजाज में जहां मच्छरों की भरमार देखने मिल रही है तो दूसरी ओर रात के समय बिजली नही रहने से बच्चें पढ़ाई भी नही कर पा रहे है। इस संबंध में जब विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय एवं पावर हाउस में में बिजली कटौती को लेकर संपर्क किया जाता है तो वहा से एक ही जबाब मिलता है कि लाईन गाडरवारा से बिजली बंद होने के कारण हम कुछ नही बता सकते है या फिर कह दिया जाता है कि मेंनेटेन्स चल रहा है इस लिए बिजली बंद है? इस प्रकार से सुधार कार्य के नाम पर आये दिन कई घंटों तक बिजली बंद की जा रही है जिसके चलते जहां ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति तो प्रभावित होते हुए देखा जाता है, वही किसान भी अपने खेतों में लगाई गई गन्ना सहित अन्य फसलों में पानी देने के लिए परेशान होते हुए देखे जा रहे है।

खबर संक्षेप

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश



डिंडौरी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में ग्रामीणों ने भूमि विवाद, पारंपरिक पूजा स्थल की सुरक्षा, पंचायत निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं, लंबित भुगतान और कब्रिस्तान तक पहुंच मार्ग जैसी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर नियमानुसार और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। मौके पर निराकरण योग्य प्रकरणों का समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में ग्राम लिखनी, ग्राम पंचायत मझियाखार के ग्रामीणों ने पीढ़ियों से पूजित देवी-देवताओं के पारंपरिक पूजा स्थल को सुरक्षित रखने की मांग उठाई। ग्रामीणों के अनुसार, पूजा स्थल के समीप आबादी भूमि को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। स्वामित्व योजना के तहत भूमि संबंधी दस्तावेज तैयार होने के बाद उनकी परेशानी बढ़ने का आरोप भी लगाया गया। इस मामले में सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभाग को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत धनुवासागर के वार्ड क्रमांक-8 की निर्वाचित पंच सुनीता बाई ने तालाब के समीप पुलिया निर्माण कार्य का मूल्यांकन होने के बावजूद मजदूरों और सामग्री आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान लंबित रहने की शिकायत की। आवेदन के अनुसार, 15वें वित्त आयोग की अनटाइड फंड राशि से 2.58 लाख रुपये की स्वीकृति के तहत तकनीकी प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य कराया गया था। आवेदिका ने निर्माण कार्य का सत्यापन कराने, भुगतान संबंधी अभिलेखों की जांच के लिए त्रिस्तरीय टीम गठित करने और बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की।इसी तरह ग्राम पंचायत धुर्रा के पंचों और ग्रामीणों ने 37.49 लाख रुपये की स्वीकृति वाले अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) का निर्माण करीब चार माह से अधूरा होने की शिकायत की। उन्होंने निर्माण कार्य के मूल्यांकन और राशि आहरण में कथित अंतर का आरोप लगाते हुए बिल-वाउचर, भुगतान अभिलेखों तथा वित्त आयोग की राशि के उपयोग की जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों ने अनियमितता प्रमाणित होने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस पर संबंधित विभागीय अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।ग्राम रहंगी, विकासखंड समनापुर की लगभग 60 वर्षीय विधवा एवं निःसंतान महिला कुसुम बाई ने अपनी भूमि पर कथित अवैध कब्जे, घर से निकाले जाने और धमकियां मिलने की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास का निर्माण भी नहीं होने दिया जा रहा है। महिला ने भूमि अभिलेखों की जांच कराने और अपनी संपत्ति एवं आवास की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। मामले में सीईओ जिला पंचायत ने एसडीएम डिंडौरी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बिलगांव जलाशय नहर निर्माण कार्य में रेत और गिट्टी की आपूर्ति करने वाले व्यापारियों ने भी लंबित भुगतान का मुद्दा उठाया। आवेदकों के अनुसार, वर्ष 2023-24 से भुगतान बकाया है। आवेदन में कमल कुमार अग्रवाल की लगभग 1.35 लाख रुपये और आर.के. ट्रेडर्स के प्रोपराइटर राजेंद्र रजक की करीब 12 लाख रुपये की बकाया राशि का उल्लेख किया गया। व्यापारियों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से कई बार संपर्क करने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने मामले की जांच कर बकाया राशि का भुगतान कराने की मांग की। वहीं ग्राम धनुवासागर, पोस्ट छांटा के ग्रामीणों ने कब्रिस्तान तक पहुंच मार्ग नहीं होने की समस्या उठाई। संबंधित विभाग को मामले की जांच कर आवश्यक समाधान करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में रक्तचाप और मधुमेह सहित आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने जांच के आधार पर परामर्श देते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है।

शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद आयोजित





डिंडौरी। युवाओं को कानून, नागरिक अधिकारों, साइबर सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय चंद्रविजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डिंडौरी में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के सामुदायिक पुलिसिंग प्रभाग के निर्देशानुसार पुलिस विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम में पुलिस एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मानव अधिकार, संवैधानिक साक्षरता, आपराधिक न्याय व्यवस्था, महिला एवं बाल सुरक्षा कानून, जेंडर संवेदनशीलता, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, हिंसा की रोकथाम और आत्महत्या की रोकथाम जैसे संवेदनशील विषयों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कानून का पालन करने, सतर्क रहने और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान संवाद सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए। साथ ही नशे से दूर रहने और किसी भी आपात स्थिति में समय पर सहायता लेने की समझाइश दी गई।इस अवसर पर डायल-112 की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि आपातकालीन सूचना मिलने पर पुलिस किस प्रकार त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल तक पहुंचती है और जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराती है। इस प्रदर्शन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आपातकालीन पुलिस सेवा की प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिला।कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा धर्मेन्द्र सिंह, एसडीओपी शहपुरा अजय तिवारी, यातायात थाना प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक सुभाष उइके, रक्षित निरीक्षक अभिनव राय, निरीक्षक संजय सिंह धुर्वे, निरीक्षक मनोज कुमार धुर्वे, उप निरीक्षक श्रीमती गंगोत्री तुरकर, प्रधान आरक्षक मुकेश प्रधान, महिला आरक्षक श्रीमती भगवती रावत एवं महिला आरक्षक श्रीमती अंजली उइके उपस्थित रहे। वहीं उच्च शिक्षा विभाग की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक पी.सी. उइके, सहायक प्राध्यापक डॉ. संगीता श्याम, सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र गवले तथा खेल अधिकारी मो. आमिर खान ने सहभागिता की।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कानून और सुरक्षा के प्रति समझ विकसित करने के साथ उन्हें अपनी समस्याएं साझा करने तथा जरूरत पड़ने पर उचित सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। पुलिस एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

रैपुरा में विधायक कप प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन



शहपुरा - ग्राम रैपुरा में भारतीय जनता पार्टी मंडल मानिकपुर द्वारा आयोजित विधायक कप प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, स्थानीय सरपंचों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कबड्डी के रोमांचक मुकाबलों के बीच खिलाड़ियों ने दमखम, कौशल और टीम भावना का परिचय दिया।

विजेता टीम को 11 हजार रुपये और ट्रॉफी

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के सौजन्य से नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में डुंडीसरई की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे 11 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं विदयपुर की टीम उपविजेता रही, जिसे 6 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा लखनपुरा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया, जिसे 5 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता ने युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने और ग्रामीण खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।समापन समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू, जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र सिंह, रैपुरा सरपंच भारत सिंह मरावी, मीडिया प्रभारी संदीप गौलिया, अमेरा सरपंच संतोष धूमकेती, देवगांव सरपंच मनोज मार्को, भीकम सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता उत्तम चंद असाटी, जितेंद्र तिवारी, राधेश्याम साहू, सी.एस. मरकाम, मंडल महामंत्री राजेंद्र तिवारी, हरीश, जित्तू राय, संतोषी विश्वकर्मा, फूलचंद झारिया, धर्मेंद्र झारिया, विश्वनाथ झारिया, मोहन झारिया, रविंद्र झारिया, सम्मरू सिंह, रम्मू सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि राहुल रैकवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कमेंटेटर पारस यादव एवं पंकज भवेदी ने अपनी भूमिका निभाई, जबकि रेफरी कैलाश रजक और परवेश खान ने मुकाबलों का संचालन किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और उपस्थित ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया।

एक साल में ही उखड़ गई सीमेंट कांक्रीट सड़क, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल



अमरपुर। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरपुर के अमदरी टोला में मुख्य मार्ग से लखन के घर तक बनाई गई सीमेंट कांक्रीट सड़क एक वर्ष के भीतर ही उखड़ने लगी है। सड़क की बदहाल स्थिति ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 315 दिनांक 15 दिसंबर 2023 तथा प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक 21 दिनांक 16 दिसंबर 2023 को जारी की गई थी। निर्माण कार्य 17 दिसंबर 2023 को प्रारंभ हुआ, जबकि अभिलेखों में कार्य पूर्णता की तिथि 2 मई 2025 दर्ज है। इस निर्माण कार्य में 15वें वित्त आयोग की राशि खर्च की गई थी।निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क का उखड़ना इस बात की जांच की जरूरत पैदा करता है कि कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप कराया गया था या नहीं। सड़क की मौजूदा स्थिति को लेकर निर्माण में उपयोग की गई सामग्री, गुणवत्ता परीक्षण और तकनीकी निरीक्षण की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।गौरतलब है कि अमरपुर जनपद पंचायत मुख्यालय होने के कारण यहां अधिकारियों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद यदि मुख्यालय क्षेत्र में ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता ऐसी है, तो दूरस्थ ग्रामीण पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की निगरानी व्यवस्था का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। क्षेत्र में तकनीकी अधिकारियों की मुख्यालय पर नियमित उपलब्धता और निर्माण कार्यों के समय पर निरीक्षण को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।सड़क की हालत को देखते हुए संबंधित विभाग को निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच करानी चाहिए। साथ ही, निर्माण से जुड़े अभिलेखों, तकनीकी मानकों और गुणवत्ता परीक्षण की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

शिकायतों और वित्तीय जांच के बीच शहपुरा मॉडल स्कूल में प्रशासनिक फेरबदल



शहपुरा/डिंडौरी। शहपुरा स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लगातार मिल रही शिकायतों और वित्तीय जांच के बीच शिक्षा विभाग ने प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किया है। जिला शिक्षा अधिकारी, डिंडौरी ने 27 अक्टूबर 2026 को आदेश जारी कर वरिष्ठ शिक्षक हम्मवीर सिंह राजपूत को आगामी आदेश तक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहित प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों का दायित्व सौंपा है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विद्यालय के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश साहू के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त होने तथा वित्तीय जांच जारी रहने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने फिलहाल विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था और वित्तीय कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी हम्मवीर सिंह राजपूत को सौंप दी है।आदेश में वेदप्रकाश साहू को निर्देशित किया गया है कि विद्यालय से संबंधित समस्त अभिलेख तत्काल नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य हम्मवीर सिंह राजपूत को सौंपना सुनिश्चित करें। इस कार्रवाई के माध्यम से विद्यालय के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है।जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश की प्रतिलिपि लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल, कलेक्टर डिंडौरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी तथा संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग सहित संबंधित अधिकारियों को भी भेजी है।विद्यालय में जिम्मेदारियों का यह हस्तांतरण ऐसे समय हुआ है, जब प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध शिकायतों और वित्तीय जांच का मामला विभागीय स्तर पर विचाराधीन है। प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्व दूसरे शिक्षक को सौंपे जाने के निर्णय को विभाग की ओर से उठाए गए महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।हालांकि, जारी आदेश में किसी वित्तीय अनियमितता की अंतिम पुष्टि अथवा संबंधित अधिकारी को दोषी ठहराए जाने का उल्लेख नहीं है। ऐसे में जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही आरोपों और शिकायतों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल विभागीय आदेश के बाद शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शहपुरा में प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों की जिम्मेदारी हम्मवीर सिंह राजपूत संभालेंगे।

शहपुरा की बेटी मुस्कानशी अग्रवाल ने रचा इतिहास, JRF बनकर बढ़ाया जिले का मान



शहपुरा। मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर शहपुरा की बेटी मुस्कानशी अग्रवाल ने सफलता की नई इबारत लिखी है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (JNKVV), जबलपुर में जूनियर रिसर्च फेलो (JRF) के प्रतिष्ठित पद पर चयनित होकर उन्होंने अपने परिवार, शहपुरा नगर और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। मुस्कानशी की सफलता को युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।मुस्कानशी अग्रवाल की इस उपलब्धि पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद सुरेंद्र साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान मुस्कानशी को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि मुस्कानशी की यह उपलब्धि पूरे शहपुरा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता से क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिलेगी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपनी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मुस्कानशी अग्रवाल ने अपने पिता राकेश अग्रवाल के सहयोग, मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन को सफलता का प्रमुख आधार बताया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।पिता के विश्वास, परिवार के सहयोग और स्वयं की मेहनत के बल पर मुस्कानशी ने यह मुकाम हासिल किया। उनकी उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और परिवार का साथ मिल जाए तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है।मुस्कानशी अग्रवाल का JRF के पद पर चयन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे शहपुरा क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। उनकी सफलता ने यह संदेश दिया है कि प्रतिभा और मेहनत के दम पर बेटियां भी शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकती हैं। नगरवासियों ने मुस्कानशी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वह भविष्य में भी इसी तरह सफलता प्राप्त कर शहपुरा और जिले का नाम रोशन करती रहेंगी।सम्मान कार्यक्रम में पार्षद देवेंद्र वनवासी, मंडल उपाध्यक्ष हरीश, जित्तू राय, एडवोकेट गोपाल गुप्ता, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, संजय सोनी, सतेंद्र जैन तथा संवाददाता एवं समाजसेवी रामकिशोर सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मुस्कानशी अग्रवाल एवं उनके पिता राकेश अग्रवाल को बधाई देते हुए परिवार के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

चंद्र विजय महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं वेलनेस कार्यशाला, विद्यार्थियों की हुई जांच

डिंडौरी। शासकीय पीएम श्री चंद्रविजय महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच और स्क्रीनिंग के साथ एनीमिया, सिकल सेल रोग, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय तथा जिला नोडल अधिकारी (आरकेएसके) एवं डीएचओ-2 डॉ. जयश्री मरावी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमर सिंह एवं डॉ. पार्वती कुशराम ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अमीर खान ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में परोपकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे आत्मिक खुशी मिलती है और समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। कार्यशाला में जिला क्षय रोग समन्वयक छत्रपति सिंह ने एनीमिया की जांच, सिकल सेल रोग के लक्षण, इससे होने वाली समस्याओं और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने सिकल सेल को वंशानुगत बीमारी बताते हुए विवाह से पूर्व जांच के महत्व पर जोर दिया। साथ ही नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, योग, व्यायाम और शारीरिक सक्रियता को बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रीमती रजनी मरावी ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।महाविद्यालय के उमंग हेल्थ एवं वेलनेस नोडल अधिकारी डॉ. अमीर खान ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समय पर उचित परामर्श और उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेना जरूरी है। जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक ओमप्रकाश उरैती ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।परामर्शदाता गौरी शंकर बर्मन ने उमंग स्वास्थ्य क्लीनिक के अंतर्गत उपलब्ध 14 प्रकार की सेवाओं, पोषण तथा मनहित ऐप के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416, उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425 और जस्ट आस्क चैटबॉट की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषिकेश सिंह एवं डॉ. हर्षवर्धन सिंह, सीएचओ जानकी चंद्रा, दुर्गेशनंदनी और आरती सिन्द्राम ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग की। आयोजन को सफल बनाने में परामर्शदाता गौरी शंकर बर्मन और श्रीमती गुलफिसा बेगम का विशेष सहयोग रहा। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय पर चिकित्सा सहायता लेने का संदेश दिया गया।


स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।महाविद्यालय के उमंग

हरिभूमि
नर्मदा भूमि
[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

जबलपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026
login : www.haribhoomi.com

जनसमस्याओं पर कार्रवाई हेतु सौंपा ज्ञापन

सात दिन में कार्रवाई की मांग, करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि नागरिक अधिकारों के संरक्षण, भू-बंदोबस्त, अवैध कब्जों, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं, बिजली व्यवस्था और छोटे उद्योगों से जुड़े मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में विभिन्न जनसमस्याओं की निष्पक्ष जांच, प्रशासनिक जवाबदेही और सात दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में जिले में वर्ष 1924 से भू-बंदोबस्त नहीं होने संबंधी शिकायत की जांच, पुराने खसरा-नक्शों एवं भूमि अभिलेखों का सत्यापन और व्यापक भू-बंदोबस्त की समयबद्ध कार्य योजना बनाने की मांग की गई है।



अवैध कॉलोनियों की हो जांच

ज्ञापन में बताया गया है कि अवैध कॉलोनियों, मास्टर प्लान के कथित उल्लंघन, शासकीय चरनोई भूमि, सार्वजनिक रास्तों, तालाबों, जलस्रोतों और नगर पालिका की भूमि पर अतिक्रमण संबंधी शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में कथित बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी ऋण, दस्तावेजों के दुरुपयोग, फर्जी अनापत्ति प्रमाणपत्र, म्यूल अकाउंट और साइबर ठगी की निष्पक्ष जांच की मांग भी शामिल है। सरकारी योजनाओं में अनियमितताओं, रिश्वतखोरी और पद के दुरुपयोग की शिकायतों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई गई है। किसानों को उपज का उचित मूल्य और समय पर भुगतान, धान उपार्जन की समस्याओं का समाधान, गन्ना नीति लागू करने तथा नकली खाद, बीज और कीटनाशकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। छोटे व्यापारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण, कार्यशील पूंजी और पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है।

अवैध कारोबार पर रोक की मांग

जागरूक नागरिकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल संबंधी समस्याओं, बिजली चोरी, निजी खनिज उत्खनन जांच नाकों की कार्यप्रणाली और अवैध रेत एवं खनिज उत्खनन की जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में अवैध शराब, सट्टा-जुआ और प्रतिबंधित मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने की मांग भी शामिल है। ज्ञापन प्रस्तुतकर्ताओं ने संबंधित विभागों से निष्पक्ष जांच, दोष सिद्ध होने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई और कार्रवाई की समयबद्ध रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। जनसमस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर विशेष जनसुनवाई आयोजित करने की मांग भी की गई है।

सात दिन का दिया अल्टीमेटम

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उक्त मांगो पर सात दिन में उचित कार्रवाई नहीं होने पर संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही आंदोलन स्थल निर्धारित करने और ध्वनि-विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को बिना जांच दोषी ठहराना नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा और जनसमस्याओं का न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। ज्ञापन सौंपने वालों में विमल बानगात्री, संदीप दुबे, पंकज गुप्ता, बबलू कहार, कार्तिक, श्रेयांश गुप्ता, उत्तम प्रजापति सहित अन्य जनहित समर्थक शामिल रहे।

खबर संक्षेप



करवा चौथ पर अच्छी ग्राहकी की उम्मीद

तेंदूखेड़ा। इस बार अधिकांशतः लोग घरों की साफ सफाई लिपाई पुताई में लगा हुआ है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानी के काम चल रहे हैं।जिस कारण से बाजार में अपेक्षाकृत ग्राहकी का अभाव देखा जा रहा है। लेकिन पति की सुख समृद्धि और लंबी उम्र के लिए किये जाना वाला करवा चौथ के व्रत पर ग्राहकी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कपड़ा दुकानों के साथ सौन्दर्य प्रसाधन की दुकानों पर भीड़ भाड़ देखने को मिल रही है। बाजार में करवा की दुकानें भी सज गई हैं। सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री विक्रेताओं का कहना है कि पिछले दो दिन से ग्राहकी बड़ी हुई है बड़ी संख्या में महिलाएं श्रंगार सामग्री के साथ ब्यूटी पार्लर बगैरह के लिए पहुंच रहीं हैं वहीं डिजाइनर करवा और पूजन सामग्री भी खरीद रहीं हैं। साड़ी दुकानों के विक्रेताओं का कहना है कि महिलाएं साड़ी खरीदनें के लिए पहुंच तो रहीं हैं। लेकिन अभी आशा जनक ग्राहकी नहीं है।

पिछले साल की अपेक्षा इस बार रेट अधिक



तेंदूखेड़ा। दीपावली पर लक्ष्मी पूजन को लेकर होने वाली मकानों की साफ सफाई लिपाई पुताई को लेकर लोग अपने अपने घरों की साफ सफाई में व्यस्त बनें हुए हैं। वहीं घरों की पुताई को लेकर भी विभिन्न प्रकार के कलर पेंट्स की दुकानों पर ग्राहकी देखी जा रही है लेकिन पिछले साल की अपेक्षा इस बार रेटों में 5 से 10 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकी तो है लेकिन रेट टाइट होने के कारण लोग कंजूसी से खरीदी कर रहे हैं।हर साल की अपेक्षा अभी तक ग्राहकी में दम नहीं है।जिसका प्रमुख कारण इस बार सोयाबीन उड़द की फसल ने धोखा दे दिया है। और अभी मक्का उपज बिक नहीं पा रही है। किसान मक्का को सुखाने में लगे हुए हैं। यहां का पूरा बजट किसानों पर ही निर्भर करता है।

विद्यासागर जी महाराज के अवतरण पर हुये विविध आयोजन



तेन्दूखेड़ा। दिगम्बर जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा पर स्थानीय जैन समाज द्वारा सेवा श्रद्धा के विविधआयोजन उत्साह पूर्वक आयोजित किये नगर में वर्षायोगरत आर्यिका प्रशांतमती माता जी आर्यिका विशुद्धमति माताजी के सानिध्य में त्रय दिवसीय महोत्सव में नेत्र शिविर महामांगलिक गुरु पूजन भावांजली संस्मरण सांस्कृतिक कार्यक्रम मूकमाटी नाटिका आदि कार्यक्रम भक्ति भाव के साथ आयोजित हुये। आचार्य श्री द्वारा रचित महाकाव्य मूक माटी पर आधारित नाटिका का मंचन स्थानीय पाठशाला के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीओपी पुलिस अभिनव मिश्रा ने आचार्य श्री के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित विभिन्न जनहितैषी उपक्रमो पर प्रकाश डालते हुये उन्हें जनजन के संत बताया।



जिला गौ सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस तुलसी मानस भवन में जिला गौ सेवा समिति की बैठक का आयोजन आचार्य मनीष पाठक संभाग प्रभारी गौ सेवा समिति की अध्यक्षता में जिले के सभी गी सेवकों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें आगामी 4 दिसंबर को भोपाल में आयोजित गौ सम्मान यात्रा समागम हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से जिला गौ सेवा समिति का गठन किया गया। जिसमें सुनील कोठारी जिला संरक्षक महाकाल महाराज जिला प्रभारी ज्ञानदास वैष्णव जिला समिति अध्यक्ष आचार्य प्रमोद संत महात्मा प्रभारी प्रो अधिकेश राय प्रबुद्ध जन प्रमुख पंडित लक्ष्मण वैष्णव एवं डॉ, रीतेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए गए। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गौ सेवा संकल्प लिया।

प्रशासक ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित नरसिंहपुर में शाखा प्रबंधकों की बैठक सोमवार को लेकर ऋण वितरण, वसूली एवं अमानत संग्रहण की समीक्षा की। उन्होंने ऋण वितरण व्यवस्था, खाद वितरण संबंधी जानकारी तथा किसानों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रशासक श्री यादव ने कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बैंक की वित्तीय स्थिति, अमानत संग्रहण, कृषक सदस्यों को दिए जा रहे ऋण, खाद भंडारण एवं वितरण तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक दिग्विजय सिंह पटेल, डी.डी.एम. नाबार्ड अमित भंडारी, लीड बैंक मैनेजर विकास पवार सहित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की समस्त शाखाओं के प्रबंधक एवं प्रधान कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद जिले के पुलिस के पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीणा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के निर्देशन में प्राचार्य डॉक्टर आर.बी.सिंह के संरक्षण मैं आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामाजिक सुरक्षा अधिकारों और जिम्मेदार नागरिकता की पहल सुरक्षित समाज जिम्मेदारी नागरिकता अपने अधिकारों और कानून प्रावधानों को बेहतर ढंग से समझ सके व्यक्तिगत एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बन सके हिंसा उत्पीड़न और असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान के प्रति संवेदनशील हो सके आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध सहायता सेवाओं तक पहुंचाने के बारे में जान सके मानसिक स्वास्थ्य सामान्य सम्मान और समावेशित के महत्व को समझ सके एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में सकारात्मक योगदान देने के प्रति प्रेरित होंगे आईयें मिल का एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज का निर्माण करें इस उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। निरीक्षक प्रीति मिश्रा द्वारा महिला संबंधी अपराध जिसमें पास्को एक्ट, घरेलू हिंसा, एससी, एसटी एक्ट आईटी एक्ट के साथ बीएन एस भारतीय शल्य अधिनियम की जानकारी दी गई एवं साइबर और डिजिटल सुरक्षा के विषय में कुमुद पाठक द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ राजेश कुमार ठाकुर द्वारा एवं महाविद्यालय के विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन की प्रभारी डॉ प्रभृति सेन द्वारा आयोजित किया है।

अवैध शराब बिक्री रोकने की मांग, कलेक्टर से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस कठौतिया गांव में कथित अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के लेटरहेड पर कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कई वर्षों से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है और युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। शिकायत में ग्रामीणों ने संदीप यादव, सुरेश यादव, ओमकार, कल्लू पाल, पन्ना पाल, बेनी पाल, धर्मेंद्र पाल, रवि पाल, शंकु पाल, मोहित, प्रदीप यादव, कमल कुर्मी और सन्नू कुर्मी पर अवैध शराब बिक्री में शामिल होने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि संदीप यादव ने धमकी दी है कि यदि महिलाएं शिकायत करने पहुंचीं तो उनके साथ कोई हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर युवाओं और गांव के सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने कलेक्टर से शिकायत की जांच कर अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

जनसुनवाई में आए 99 आवेदन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विषयों से संबंधित कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्रीजी रामायण महिला मंडल द्वारा मनाया गया शरद उत्सव

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। श्रीजी रामायण महिला मंडल द्वारा शरद उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा मां के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर महिलाओं ने माता की पूजा एवं आरती के साथ किया गया। महामाया ग्रुप ने सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान अन्य कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी। श्रीजी महिला मंडल द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें जपमान अंशिका राज अशदीप को मंच द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया। नेमा कोचिंग द्वारा श्रीजी मंडल संजय राय एवं रितेश नामदेव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आनंद नगर कॉलोनी की समस्त महिलाओं की उपस्थिति रही।



गोटेगांव के यशराज जैन ने जीता सिल्वर मेडल41वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो स्पर्धा में हासिल की बड़ी सफलता, महज एक मीटर के अंतर से चूके स्वर्ण पदक

गोटेगांव। नगर के होनहार खिलाड़ी यशराज जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 41वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो स्पर्धा में सिल्वर मेडल (रजत पदक) जीतकर गोटेगांव नगर का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के अंडर-20 वर्ग में यशराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। वह महज एक मीटर के अंतर से गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) जीतने से चूक गए, लेकिन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया।राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल करना यशराज की प्रतिभा, मेहनत और खेल के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि से गोटेगांव नगर में हर्ष का माहौल है। यशराज ने अपनी मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे नगर को गौरवान्वित किया है।मध्य



प्रदेश जूनियर स्टेट रिकॉर्ड भी है यशराज के नामयशराज जैन वर्तमान में मध्य प्रदेश जूनियर स्टेट रिकॉर्ड धारक भी हैं। राज्य स्तर पर रिकॉर्ड कायम करने के बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतना उनकी खेल प्रतिभा और निरंतर बेहतर प्रदर्शन का प्रमाण है। उनकी इस सफलता ने यह साबित किया है कि उचित प्रशिक्षण, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर छोटे नगरों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।भोपाल स्पोर्ट्स एकेडमी में हासिल कर रहे प्रशिक्षणयशराज की इस शानदार उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत के साथ-साथ बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह वर्तमान में मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स एकेडमी, भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहां उन्हें प्रसिद्ध कोच कप्तान संदीप सिंह के मार्गदर्शन में एथलेटिक्स की बारीकियां सीखने का अवसर मिल रहा है। नियमित अभ्यास और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से यशराज लगातार अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं।राजकुमार जैन एवं समीक्षा जैन के सुपुत्र हैं यशराजराष्ट्रीय स्तर पर गोटेगांव का गौरव बढ़ाने वाले यशराज जैन नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकुमार जैन एवं समीक्षा जैन के सुपुत्र हैं। यशराज की इस उपलब्धि से उनके परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। उनकी सफलता पर परिजनों, खेल प्रेमियों और नगरवासियों ने उनके निवास पर पहुंचकर तथा

प्रधानमंत्री आवास योजना: सर्वेक्षण के बाद भी पात्र हितग्राहियों को नहीं मिला लाभपात्र परिवारों ने एसडीएम को सौंपा आवेदन, शहरी क्षेत्र में पुनः सर्वेक्षण कराने की मांग

गोटेगांव। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 में किए गए सर्वेक्षण के बावजूद पात्र हितग्राहियों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है। इस मामले को लेकर हितग्राहियों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम), गोटेगांव को आवेदन सौंपकर आवश्यक जांच एवं कार्रवाई करने के साथ शहरी क्षेत्र में पुनः सर्वेक्षण कराने की मांग की है।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वेक्षण किया गया था। इस कार्य के लिए संयुक्त दल का गठन किया गया था, जिसमें नगर पालिका गोटेगांव, राजस्व



विभाग गोटेगांव एवं एसडीएम कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। इसके बावजूद सर्वेक्षण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई पूरी नहीं होने से पात्र हितग्राही अब तक योजना के लाभ से वंचित हैं।हितग्राहियों का कहना है कि आवास योजना का लाभ नहीं मिलने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, उनके वर्तमान आवासों की स्थिति भी दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। ऐसे में पात्र परिवारों को शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ दिलाने के लिए मामले में शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है।आवेदन के माध्यम से एसडीएम से मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए तथा शहरी क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों का पुनः सर्वेक्षण कराया जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके।हितग्राहियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगा और पात्र परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई करेगा।